दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 242
मुरादाबाद
(Wednesday)
24 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## किसान दिवस: सीएम योगी ने किसानों को किया सम्मानित, बोले- धरतीपुत्रों के हितों की रक्षा करना सभी का धर्म

किसान दिवस पर सीएम योगी ने किसानों को सम्मानित किया। उन्हें ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। कहा कि किसान के हितों की रक्षा करना सभी का धर्म है। सरकार किसानों की उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रही है।राजधानी लखनऊ में मंगलवार को किसान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। उन्होंने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। साथ ही कई किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा करना सभी का धर्म है। किसानों की उन्नति के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। यह पहली बार हुआ है कि किसान सरकार के एजेंडे का हिस्सा हैं। 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक लगातार किसानों के विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है। जब मां बीमार होती है तो पुत्र का दायित्व होता है कि वह उसकी देखरेख करें। पहली बार ऐसा हुआ कि धरती माता के सेहत को लेकर गंभीरता दिखाई गई।सीएम ने आगे कहा कि अब देश का हर किसान सॉइल हेल्थ कार्ड के जरिए अपनी धरती की सेहत का ध्यान रख रहा है। इसके लिए लगातार सरकार की ओर से किसानों को जागरूक किया गया और तरह-तरह के अभियान चलाए गए। उन्होंने किसानों से भारत माता के जयकारे के साथ देश और प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए अपील की। नए-नए अनुसंधान करके कृषि क्षेत्र को नया आयाम देने का प्रयास- कृषि मंत्री- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हम जय जवान जय किसान और जय विज्ञान के सहारे तरक्की की नई इबारत लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस नारे में जय अनुसंधान भी जोड़ दिया है। इससे विकास की गति और तेज हो गई है। भविष्य की रणनीति के तहत नए-नए अनुसंधान करके कृषि क्षेत्र को नया आयाम देने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि, वर्ष 2047 के विकसित भारत का सपना साकार हो सके।ये लोग रहे मौजूद- कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सहित कई मंत्री व आरएलडी के सभी विधायक शामिल रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन, भारतीय उच्चायोग तलब

विश्व हिंदू परिषद ने मंगलवार को दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में किया गया है। पड़ोसी देश में हो रही सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ देश में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। बंगीय हिंदू जागरण और अन्य हिंदू संगठनों ने कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग के पास बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।भोपाल में बजरंग दल और दूसरे हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और दीपू चंद्र दास की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बजरंग दल के एक सदस्य ने कहा, बजरंग दल ने आज बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है।जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने बांग्लादेश में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि या तो हिंदुओं को भारत लाया जाए या वहां उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वकीलों ने यह भी मांग की कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू से निकाला जाए। मंगलवार को यहां पड़ोसी देश के उच्चायोग के बाहर सड़कों पर प्रदर्शन किया।

## सदन में उठा BLO की मौत और SIR का मुद्दा, विपक्ष को सुरेश खन्ना से मिला जवाब

यूपी विधानसभा की कार्यवाही जारी है। सदन की शुरुआत परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूल मर्जर और शिक्षकों की भर्ती के सवालों के साथ हुई। केशव बोले-एक भी आरोपी बचेगा नहीं। अखिलेश यादव का संतुलन बिगड़ा, बिहार जीत के लड्डू उन्हें भिजवाऊंगा। वहीं, शाहनवाज ने कहा, हम फोटो-फोटो खेल रहे, कोडीन मामले में पकड़े गए लोगों को मिली जमानत। विधायक संदीप ने लोक सेवा आयोग की भर्तियों में अनियमितता की बात कही। आज नौजवानों को नाट फार सूटेबल बताकर किनारे कर दिया जाता है। आरक्षण न देना पड़े इसलिए सरकारी नौकरियां खत्म कर दी गईं। आरक्षण न देने पड़े निजीकरण किया जा रहा है। सपा विधायक ने विभिन्न विभागों में भर्तियों का लेखा जोखा प्रस्तुत कर सरकार को घेरा। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद, पशु पालन विभाग में पशु पालन अधिकारी और परिवार कल्याण महानिदेशालय में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी की रिक्तियों का जिक्र करते हुए आरक्षण पर सवाल उठाए। उन्होंने हर भर्ती की संख्या और आरक्षण का अनुपात गिनाया। कहा कि भाजपा ने हमारे समाज के कुछ लोगों को हायर कर रखा है। वह लोग कभी भी आरक्षण की बात नहीं करते। गरीबों की बात नहीं करते। आज सरकार की नीयत में खोट दिख रही है। उन्होंने कहा कि जो फेक एनकाउंटर में माहिर थे, उन्हें योगी सरकार ने चयन आयोग की जिम्मेदारी दे दी है। विधायक संग्राम सिंह यादव ने प्रतियोगी परीक्षाओं में आरक्षण देने को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यूपी के चयन आयोग ने चुपके से माइग्रेशन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई। छात्रों ने विरोध जताया तो उनके साथ पुलिस ने अभद्रता की। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ज्यादातर बातें चुनाव आयोग के अंतर्गत आती हैं। उन्होंने आर्टिकल 13₇ का जिक्र करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने लोगों को खोया, उनके साथ हमारी संवेदना है। लेकिन, मौत कैसे हुई ये जांच का विषय है। मानवीय आधार पर हमारी संवेदना उनके परिवारों के साथ हैं। हम उनको बाकी सभी सरकारी कर्मचारियों के बराबर ही ट्रीट करेंगे।सपा विधायक पारस ने कहा कि यदि कोई बाहर रहता है तो बीएलओ उसका वोट काटने का दबाव बनाते हैं। कोई बाहर काम कर रहा है तो उसके घरवाले उसका फार्म भर सकते हैं लेकिन बीएलओ उसका भी नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। यही नहीं पहले वोटर बनने पर कोई भी व्यक्ति आसानी से फार्म 6 भर सकता था। लेकिन, अब एफिडेविट मांगा जाता है। इसे बनवाने में करीब 600 रुपये खर्च होते हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने यूपी में 10 बीएलओ की हुई मौतों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एसआईआर की जल्दबाजी क्यों थी? बिना किसी ट्रेनिंग के शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई। इससे अफसरों का उन पर अतिरिक्त दबाव था। इससे उनकी मौत हुई। उन्होंने मुरादाबाद के शिक्षक सर्वेश के सुसाइड की मौत का जिक्र किया। फतेहपुर में 27 वर्षीय लेखपाल ने शादी के एक दिन पहले सुसाइड कर लिया। एक महिला शिक्षक की काम के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटनाएं थी जो सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आ गईं। बाकी न जाने कितनी घटनाएं हुई होंगी। इसके बाद भी सरकार ने इसकी जवाबदेही नहीं ली। प्रशासनिक लापरवाही के कारण शिक्षकों की जान गई। इस जल्दबाजी में सबसे ज्यादा गरीब, दलितों के नाम कटे। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार उनके परिजनों को नौकरी देगी? साथ ही परिवार को 50 लाख के आर्थिक मदद की मांग रखी।नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने चौधरी चरण सिंह के एक कदम का जिक्र करते हुए बताया कि कम्युनिस्ट यूपी में क्यों प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने एक बार हमसे कहा था कि हमारे एक कदम से काफी लोगों को कुछ न कुछ जमीन मिल गई है।



## हिंदुओं पर हिंसा न रुकी तो बांग्लादेशी खिलाड़ियों को IPL नहीं खेलने देंगे, VHP ने किया प्रदर्शन



हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और हिंदू युवा वाहिनी ने मंगलवार को बांग्लादेश दूतावास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हिंसा हो रही है।हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और हिंदू युवा वाहिनी ने मंगलवार को बांग्लादेश दूतावास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हिंसा हो रही है। उनके घरों को लूटा जा रहा है और उनकी बहन बेटियों से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार न रुके तो वे आईपीएल में बांग्लादेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को नहीं खेलने देंगे। हिंदू संगठनों के सैकड़ो युवा कार्यकर्ता और महिलाएं बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर- पहुंचे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश उच्चायोग की तरफ बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा में सतर्क पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। काफी देर तक कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ और हिंदुओं के पक्ष में नारेबाजी की और उच्चायोग की तरफ बढ़ने का प्रयास किया। हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अधक्ष विक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए। बांग्लादेश को अल्पसंख्यकों की जिम्मेदारी का ज्ञान होना चाहिए और उन्हें हर हाल में सुरक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार नहीं रुकते हैं तो वे अपना आक्रामक कदम आगे बढ़ाएंगे और बांग्लादेश के क्रिकेट खिलाड़ियों को आईपीएल और अन्य किसी भी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने देंगे। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार से भी मांग करते हैं कि वह अपनी नीतियों का उपयोग करते हुए पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हिंदू हो रही हिंसा को रुकवाने का प्रयास करें। इसके पहले भारत ने बांग्लादेश में अपने उच्चायोग को अस्थाई तौर पर बंद कर दिया था और वीजा बनाने की सुविधाओं को रोक दिया था। बांग्लादेश में अशांति बढ़ते देखकर दिल्ली में स्थित बांग्लादेश ऊंचायोग ने भी वीजा प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

## प्रियंका गांधी को PM उम्मीदवार बनाने की मांग पर बोले रॉबर्ट वाड्रा, कहा- देश के मुद्दों पर फोकस



उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि देश को सबसे ज्यादा भाईचारे की जरूरत है। उन्होंने बेरोजगारी, प्रदूषण समेत प्रियंका गांधी के पीएम उम्मीदवार बनाने की मांग पर भी अपनी बात रखी।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने एक साक्षात्कार में देश के मौजूदा हालात पर खुलकर अपनी बात रखी। क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रार्थना की है कि पूरे देश में भाईचारा बना रहे और समाज में सौहार्द कायम हो। वाड्रा ने कहा कि उनका पूरा ध्यान स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों पर रहता है। इसी सोच के साथ वे बच्चों से मिले, जिन्होंने उन्हें कैरल के गीत सुनाए और अपने स्कूल व भविष्य के सपनों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास है कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन चुकी है और शिक्षा ही उन्हें बेहतर भविष्य की उम्मीद देती है।कांग्रेस के लोकसभा सांसद इमरान मसूद द्वारा प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रधानमंत्री पद का संभावित उम्मीदवार बताए जाने पर उनके पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सब की मांग होती है, सब कहते हैं कि प्रियंका को आना चाहिए। उन्होंने खुद के राजनीति में आने के सवाल पर कहा कि लोगों की ओर से ऐसी मांगें जरूर आती हैं, लेकिन फिलहाल सबसे जरूरी है कि असल मुद्दों पर ध्यान दिया जाए।रॉबर्ट वाड्रा ने खासतौर पर प्रदूषण के मुद्दे को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। उन्होंने स्वीकार किया कि वे खुद पहले खेलकूद और दौड़ जैसी गतिविधियों में सक्रिय रहते थे, लेकिन अब प्रदूषण के कारण बाहर निकलने से बचते हैं। वाड्रा ने लोगों से भी अपील की कि वे प्रदूषित माहौल में दौड़ने या साइकिल चलाने से बचें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा होनी चाहिए। वाड्रा ने यह भी जिक्र किया कि प्रियंका गांधी इस विषय पर संसद में बात करना चाहती थीं, लेकिन सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई।रॉबर्ट वाड्रा ने सुझाव दिया कि अगर देश के भीतर प्रदूषण का समाधान संभव नहीं है, तो अंतरराष्ट्रीय सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन या अन्य देशों के अनुभवों से सीखकर भारत को प्रदूषण से राहत पाने का रास्ता निकालना चाहिए। भाईचारा, सुरक्षा और असली मुद्दों पर फोकस- क्रिसमस पर अपनी कामना साझा करते हुए वाड्रा ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी इच्छा भाईचारे की मजबूती है। उन्होंने कहा कि वे देशभर में अलग-अलग धर्मों के लोगों से मिलते हैं और सभी की प्रार्थना व उम्मीद एक जैसी होती है मुश्किलें कम हों और जीवन बेहतर बने। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिक हिंदू-मुस्लिम जैसे विवादों में नहीं उलझना चाहता, बल्कि बेरोजगारी, प्रदूषण और महिलाओं की सुरक्षा जैसे वास्तविक मुद्दों पर समाधान चाहता है। वाड्रा ने कहा कि पहले देश के अंदर इन समस्याओं का हल निकालना जरूरी है, उसके बाद ही बांग्लादेश या दूसरे देशों के मुद्दों पर बात होनी चाहिए।

## संपादकीय Editorial

### MNREGA is now "Ji Ram Ji"

Friday, December 19th, is the last day of the winter session of Parliament. The government will strive to ensure the passage of the alternative bill to MNREGA, the "Developed India - Guarantee for Employment and Livelihood Mission (Rural)," in both houses, so that it can be notified as law after the President's signature. The new bill is being abbreviated as "Ji Ram Ji." Perhaps this is why this jumble of Hindi and English words has been created. It is also being linked to the BJP's "Ramwadi politics." This reflects a narrow mindset. The fundamental concern and worry should be whether Indians, who have the constitutional right to work, are being provided with 100 or 125 days of employment. When the "National Rural Employment Guarantee Bill" was drafted in 2005 during the Congress-led UPA government, the bill was extensively discussed in a parliamentary committee chaired by senior BJP MP Kalyan Singh. The parliamentary committee also made several suggestions to the then Manmohan Singh government. We report that most of the suggestions were accepted. It was undoubtedly a historic experiment, promising that the poor, unemployed, or anyone in need of work would be provided, through the central government, at least 100 days of employment annually. That pledge and legal provisions remained unfulfilled, as only an average of 50.24 days of employment was provided from 2006-07 to 2024-25. This is indeed a monument to the government's failures, but both Congress and BJP governments have been involved in this. In 2008, the Comptroller and Auditor General of India (CAG) report revealed allegations of mismanagement and widespread corruption. Nearly 70 percent of blocks lacked MNREGA officers. Nearly 52 percent of panchayats lacked MNREGA assistants. In 19 districts of Bengal, payments were made without work and funds were misused. Surveys conducted in 19 states revealed corruption involving collusion between officials and contractors. In 2024-25, during the Modi government, embezzlement and scams worth ?193 crore were discovered. In 2025-26, in 23 states, work under MNREGA was either not carried out or budgetary expenditures were reduced. On December 5th, the government informed the Rajya Sabha that ?9,746 crore remained outstanding under the MNREGA scheme. The budget allocated ?80,000 crore for MNREGA. Since the funds were not spent, it is clear that wages were not distributed because work was not provided. During the UPA government, the Union Rural Development Ministry had sent some professionals, journalists, etc., as representatives to backward areas like Bundelkhand to expose the reality of MNREGA. Many cases of corruption were also detected there. In fact, the issue today should not be that this scheme was named after the Father of the Nation, Mahatma Gandhi, so why was his name removed? The Modi government initially indicated that the amended bill would be named after "Pujya Bapu," but when the draft bill was made public, "Ji Ram Ji" emerged. Of course, the opposition should agitate in the name of Mahatma Gandhi, as the government has continued to run MNREGA in the same manner from 2014 to 2025. There has been no name change. During the COVID-19 pandemic, the government allocated over ?1.11 lakh crore to MNREGA. MNREGA has also significantly helped the common man. Now, the central government is being forced to bear 60 percent of the expenditure, and the states 40 percent. Most states are burdened with heavy debt, so the employment process itself will be affected. "Ji Ram Ji" is also being opposed at social and intellectual levels, as it is feared to take away the right to work.

# It's time to sting China's sore spot; it's essential to respond appropriately to aggression and threats.

This time again, Chinese comments have repeatedly attempted to portray Arunachal Pradesh as part of Tibet, based on its being the birthplace of the Sixth Dalai Lama. The correct response to China's aggression and threats would be for the Indian government to challenge China's illegal and immoral occupation of Tibet and address China's misdeeds. Failure to do so would send the wrong message to China. A few days ago, upon receiving an invitation to attend an international conference on the Sixth Dalai Lama in Tawang, Arunachal Pradesh, I sent a message to several journalist and diplomatic friends, warning them to be prepared for angry and irritated statements from the Chinese government. I said this not as a prophet, but based on my five decades of study of Chinese attitudes and policies towards Tibet and India. That's exactly what happened. Just three days after the conference, which took place from December 3rd to 6th, the Chinese government's virulent response against the Indian government, the Chief Minister of Arunachal Pradesh, and the conference on its website detailing its Tibet policy was a manifestation of the Chinese government's anger, irritation, and aggression at having been touched. A Chinese government commentator's statement not only used the Chinese names "Zhangmen" for Arunachal Pradesh and "Xizhang" for Tibet, but also referred to the region as "Southern Tibet" and called the conference a "cultural encroachment" by the Indian government on a part of "Southeast China." However, by making such accusations against India, the Chinese government completely ignored the fact that its sole justification for claiming Arunachal Pradesh as "Southern Tibet" is that China itself has been in illegal and colonial occupation of Tibet since 1951. Unfortunately, from the Nehruvian era to the present day, Arunachal Pradesh and the country have been enduring Chinese aggression along the Himalayan border. No government has shown the courage to challenge the Chinese government's illegal occupation of Tibet and attack the root of this dispute. The primary reason behind the recent conference was to highlight the historical significance of the Sixth Dalai Lama, Gyalwa Tsangyang Gyatso, internationally. The Sixth Dalai Lama was unique in that he was born outside Tibet on March 1, 1683, in the Tawang region of India (Arunachal Pradesh). Incidentally, when the 14th Dalai Lama fled the Chinese occupation of Tibet in 1951 and later, fearing capture or murder by the Chinese army, he entered India through Tawang. Therefore, Tawang holds special significance due to its deep connection with Tibet's two Dalai Lamas. This was also the reason for holding the conference in Tawang. China is upset that this conference was attended by renowned Tibet experts, Chinese affairs experts, and Buddhist scholars from India and Tibet, as well as the United States, Japan, Mongolia, Israel, and Canada, among other countries. One source of frustration and irritation for the Chinese government was that the conference was organized by the International Buddhist Confederation (IBC) of the Indian government through the Personnel and Spiritual Department of the Arunachal Pradesh government. Respected institutions like the Thubten Shedrubling Foundation and the Centre for Cultural Research and Documentation of Arunachal Pradesh were also involved. The Chinese government's greatest concern about the IBC is that this Indian institution has undermined two decades of Chinese efforts to establish China as the supreme and sole representative of the international Buddhist community through its presence in Tibet through the World Buddhist Forum (WBF). Chinese President Xi Jinping staked his reputation on this initiative soon after coming to power. To establish China as the sole leader of the global Buddhist community, President Xi has been making strenuous efforts to establish China's puppet Panchen Lama, Gyalsen Norbu, as the world's supreme Buddhist leader, bypassing the Dalai Lama residing in India. Norbu, rejected by the Tibetan people themselves, has not gained recognition among international Buddhist leaders and scholars. On the other hand, India's IBC has achieved significant success in organizing and bringing together senior Buddhist leaders from around the world through its numerous influential events, establishing India as a leading center of global Buddhist leadership. The Chinese Communist Party's attempts to monopolize the selection of the next Dalai Lama over the past several years were resolutely rejected by Buddhist leaders from around the world at the IBC's International Buddhist Conference in July this year. A fortnight before this harsh statement against the Tawang Conference, China had humiliated and harassed an Indian female traveler from Arunachal Pradesh at a Chinese airport simply because she held an Indian passport. China argued that they should have held Chinese passports, based on China's claim to Arunachal Pradesh. The Chinese government had previously denied Chinese visas to Indian athletes from Arunachali dozens of times and had also opposed visits to Arunachal Pradesh by the Indian President and the Dalai Lama. This time too, Chinese commentary repeatedly mentioned the birthplace of the sixth Dalai Lama. An attempt has been made to portray Arunachal Pradesh as part of Tibet. In such a situation, the correct response to China's aggression and threats would be for the Indian government to challenge China's illegal and immoral occupation of Tibet and address the Chinese conspiracy's concerns. Failure to do so would send the wrong message to China.

# Rahul's Limitations, Priyanka's Potential

Apart from mirroring Indira Gandhi, Priyanka is considered superior to Rahul in political understanding, communication, and effective oratory. This is why, after her powerful speech on Vande Mataram in Parliament, discussions about a bigger political role are gaining momentum. Priyanka's only downside is the cases filed against her husband, Robert Vadra. Kharge's term as Speaker ends in 2027. Clearly, Sonia will be the one to decide on any new role for Priyanka, but it will be interesting to see when and what that role will be. What are Rahul Gandhi's political limitations? What are Priyanka Gandhi's prospects? The leadership debate continues within the Congress party. During the Parliamentary debate on the 150th anniversary of Vande Mataram, two speeches generated significant attention: one by Prime Minister Modi, who launched a scathing attack on the Congress party, and the other by Congress MP Priyanka Gandhi Vadra. Priyanka targeted Modi and the BJP, but its impact is also being felt in Congress's internal politics

. As Leader of the House, the Prime Minister initiated the discussion on Vande Mataram. While the expectations were from Leader of the Opposition Rahul Gandhi, Priyanka Gandhi took the lead on behalf of the Congress. Only the Congress party can explain why this happened. However, despite praising Modi's oratory skills, Priyanka Gandhi managed to impress the House with her arguments and facts, along with sarcasm against the ruling party, interspersed with humor. Rahul Gandhi also spoke, but in a discussion on electoral reforms. He primarily repeated allegations of vote-stealing that he has made before. His speech lacked new facts and reasoning, nor did Priyanka's ability to put the ruling party in the dock without being aggressive.

Rahul merely repeated old allegations of vote-stealing, while Priyanka had come prepared on all aspects of the Vande Mataram controversy. Presenting one's views with facts and logic is an effective style in parliamentary debate. Priyanka demonstrated this effective style. Perhaps this is why, within the Congress itself, discussions about giving Priyanka a greater political role, comparing her to Rahul, have again gained momentum. Former Odisha MLA Mohammad Moquim, citing age, demanded that Mallikarjun Kharge be removed and Priyanka Gandhi be appointed the new Congress president.

He also indirectly targeted Rahul Gandhi, and the Congress expelled him. While the BJP's fueling of rumors of a perceived rift between Team Rahul and Team Priyanka may have political implications, it's undeniable that both have their own teams and their own preferred leaders in the country and state. Numerous accounts suggest that Rahul and Priyanka have become two power centers within the Congress. It's believed that Sonia Gandhi kept Priyanka in a behind-the-scenes role to establish Rahul as her successor and avoid two power centers within the party. Priyanka, who handled campaigning and management in Sonia and Rahul's constituencies, had to wait a long time to become the National General Secretary and in-charge of Uttar Pradesh. Indeed, Priyanka's bid for more women candidates in the Uttar Pradesh Assembly elections, with the slogan

"I am a girl, I can fight," failed to pay off. Despite this, Priyanka's candidacy in the Wayanad Lok Sabha by-election, vacated by Rahul Gandhi, who was also elected from Rae Bareli last year, signaled her need. The interpretation was that Priyanka would lead the Congress in relatively favorable South India, while Rahul, who had already resigned from the presidency, would take on the BJP in the rest of the country. However, the desired results were not achieved. Despite a strong performance in the Lok Sabha elections, the Congress failed to perform as expected in Haryana, Maharashtra, and Bihar. Congress's relations with its allies in the opposition alliance are also not smooth. Despite losing three Lok Sabha and numerous assembly elections, the organization does not appear to be a priority for the Congress. Kharge is the national president, but Rahul is the one making the key decisions. It took almost a full year to re-elect the previous Leader of the Opposition in Haryana. Indeed, Rahul is unable to embrace his mother Sonia's Congress and is unable to muster the courage to build a Congress of his own choosing, resulting in an exodus of leaders. The padayatra improved Rahul's image, but organizational weaknesses have not yielded much electoral benefit. Rahul's image has become that of a leader who engages in confrontational politics, making harsh attacks on Modi. There's also a lack of consistency in her politics and issues. Until the Lok Sabha elections, the threat to the Constitution and reservations was the issue, targeting EVMs. Now, the slogan of vote theft is being raised. Rahul's frequent foreign trips give the BJP an opportunity to portray him as a frivolous politician. Meeting Rahul is not easy even for senior state leaders. This is manifesting in Congress members' concerns about the party and their own future. They see better prospects in Priyanka Gandhi. Besides reflecting Indira Gandhi, Priyanka is considered superior to Rahul in political understanding, communication, and effective oratory. This is why, after her impressive speech on Vande Mataram in Parliament, discussions about a bigger political role are gaining momentum. Priyanka's only downside is the cases filed against her husband, Robert Vadra. Kharge's term as president ends in 2027. Clearly, Sonia Gandhi will be the one to decide any new role for Priyanka, but it will be interesting to see when and what that role will be.

# यूपी में एक और मुस्कान: पहले पति के शव के किए टुकड़े-टुकड़े...फिर किया ये काम; राहुल हत्याकांड की पूरी कहानी

मेरठ की मुस्कान की तरह ही संभल की रूबी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की। इसके बाद ग्राइंडर से शव के टुकड़े किए। पति के शरीर के टुकड़े करते समय रूबी के हाथ नहीं कांपे। इसके बाद रूबी ने पति की गुमशुदगी भी दर्ज करा दी।यूपी के संभल जिले के चंदौसी से झकझोर कर रख देने वाली घटना का पुलिस ने खुलासा किया तो मेरठ का सौरभ हत्याकांड नजरों के सामने घूम गया। मुस्कान ने प्रेमी की मदद से पति के टुकड़े कर ड्रम में डाला था, जबकि चंदौसी की रूबी ने प्रेमी के सहयोग से पति की हत्या कर ग्राइंडर से शव के टुकड़े कर दिए। इस हिला देने वाली घटना को अंजाम देते समय रूबी के हाथ नहीं कांपे। शव को साजिश के तहत ठिकाने लगाया गया। हत्या के बाद प्लास्टिक के बैग खरीदे और दोनों ने मिलकर रात में लाश के टुकड़े किए। पहले सिर धड़ से अलग किया फिर हाथ पैर काटे। दिन में ही रेकी कर यह देख लिया था कि जहां लाश ठिकाने लगानी है, वहां सीसीटीवी की नजर तो नहीं है। इसके बाद धड़ को ईदगाह के पास नाले में डाल दिया गया, जबकि सिर व हाथ-पैर बैग में भरकर दोनों राजघाट पहुंचे और शव के टुकड़े गंगा में बहा दिए।किसी मंझे हुए अपराधी की तरह रूबी ने हत्या करने के बाद 18 नवंबर को पति राहुल की गुमशुदगी भी थाने में दर्ज करा दी थी। लेकिन यहीं से पुलिस को सुराग मिला और आरोपियों तक पहुंच गई।मां के कृत्य से अनाथ हुए बच्चे- पति के हत्या के आरोप में पत्नी जेल चली गई। अब बच्चों के सिर पर न पिता का साया और न मां का आंचल। राहुल का 12 साल का बेटा सातवीं कक्षा में पड़ता है, जबकि उसकी 10 साल की बहन छठी कक्षा में पढ़ती है। अब बेटी अपनी मौसी के पास रहेगी और बेटे की परवरिश उसके मामा करेंगे।ये हुई बरामदगी पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पीले रंग का ग्राइंडर, मृतक व अभियुक्तों के खून से सने कपड़ों व बैग की राख, दो मोबाइल, कील ठोकने वाली एक हथौड़ी, एक बैग, एक लोहे की रॉड, एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर ब्लैक कलर की, एक एक्टिवा स्कूटी मैरून कलर की, सिल्वर कलर की कार बरामद की है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम - राहुल हत्याकांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर, उप निरीक्षक महेश पाल सिंह, कांस्टेबल मुकुल कुमार, विष्णु कुमार च महिला कांस्टेबल ज्योति शामिल हैं।पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट - एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने खुलासे का प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि राहुल के शव का डीएनए सुरक्षित कर लिया गया है। राहुल के बच्चों से डीएनए मैच करा कर अभियुक्तों को सख्त सजा दिलाई जा सके।15 दिसंबर को पतरौआ रोड पर नाले में शव मिला था। शक होने पर पुलिस ने मृतक की पत्नी से पूछताछ की तो तार से तार जुड़ते गए और खुलासा हो गया। महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। इस हत्याकांड में प्रयुक्त ग्राइंडर आदि अन्य सामान भी बरामद कर लिए गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। -कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी संभलये था पूरा मामला- प्रेम संबंधों में बाधक बने पति के ग्राइंडर से टुकड़े कर गंगा में बहाए- पंद्रह दिसंबर को नाले में मिले शव के मामले का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। मोहल्ला चुन्नी निवासी राहुल की हत्या उसकी पत्नी रूबी ने अपने प्रेमी गौरव के साथ मिलकर की थी। सिर और पैर के ग्राइंडर से टुकड़े-टुकड़े कर दिए और गंगा में बहा दिए। बाकी बचे धड़ को पॉलिथीन में बंदकर नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।15 दिसंबर को सुबह करीब नौ बजे पतरौआ रोड पर ईदगाह के पास नाले में उतराते मिले एक शव को कुत्ते खींच रहे थे। शव के सिर और पैर कटे हुए थे। उसके पास में एक बैग पड़ा था, जिसमें पॉलीथिन और मांस के टुकड़े थे। पुलिस ने शव की बायीं बाजू पर गुदे राहुल नाम के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया तो सामने आया कि एक माह पहले मोहल्ला चुन्नी निवासी महिला रूबी ने अपने पति राहुल की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी। राहुल 18 नवंबर से लापता चल रहा था। इसी आधार पर मोहल्ला चुन्नी के रहने वाले राहुल के रूप में शव की पहचान हो सकी।पुलिस ने जब पत्नी रूबी से पूछताछ की तो तार से तार जुड़ते गए। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी को हत्या में तरमीम करते हुए रूबी और मोहल्ले के ही गौरव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस की पूछताछ में पत्नी रूबी और प्रेमी गौरव ने बताया कि वह दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। राहुल को दोनों के संबंधों को लेकर शक था। 18 नवंबर की रात राहुल ने घर में ही गौरव और रूबी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। नाराज होकर राहुल दोनों के साथ मारपीट करने लगा और रूबी को मोहल्ले में बेइज्जत करते हुए घर से निकालने की धमकी दी थी।गौरव ने पुलिस ने बताया कि तब रूबी ने उससे कहा कि राहुल को मार दो। इस पर गौरव ने राहुल के सिर पर लोहे की रॉड और रूबी ने मूसल से वारकर हत्या कर दी। अगले दिन राहुल के शव को छिपाने के लिए घंटाघर मार्केट से प्लास्टिक की पन्नी, दो बैग खरीदे थे और राहुल की लाश को काटने के लिए जीतू मिस्त्री से ग्राइंडर किराए पर लेकर आया था। हुल की गर्दन व पैर काट दिए।उसी दिन किराए की गाड़ी से कटे हुए सिर व पैर वाले बैग को और राहुल के मोबाइल को राजघाट गंगा में पुल से फेंक दिया था। दूसरे बैग में धड़ था, उसे पतरौआ रोड पर ईदगाह के पास नाले में फेंक दिया था। इसके बाद राहुल का लोअर, गौरव व रूबी के खून से सने हुए कपड़े चुन्नी मोहल्ले के पीछे आलम के घर के सामने सुनसान स्थान पर जला दिए। पुलिस ने सोमवार की सुबह 6:45 बजे आटा और कैथल गांव के मार्ग पर स्थित सैनिक चौराहे से गिरफ्तार किया।

# शादी के लिए दबाव बनाया तो वायरल कर दूंगा वीडियो, डीजल बेचने के लिए अवैध मशीन लगाने वाला पकड़ा

मुरादाबाद की युवती को युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी करने को लेकर दबाव बनाया तो युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरे केस में डीजल बेचने के लिए अवैध तरीके से मशीन लगाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आपूर्ति विभाग की टीम ने दलपतपुर (मूंढापांडे) में छापा मारकर अवैध ढंग से संचालित डीजल मशीन को पकड़ लिया। इस मामले में टीम ने डीजल का सैंपल लेने के बाद मशीन को बंद करा दिया। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को गोपनीय सूचना मिली कि दलपतपुर में एक व्यक्ति अवैध ढंग से डीजल की बिक्री कर रहा है।मौके पर देखने पर पता चला कि उसने डीजल बेचने के लिए नोजल और मशीन लगाया है। विभाग के अधिकारियों ने डीजल का सैंपल लिया। पता चला कि वह पेट्रोल पंपों से सस्ता डीजल बेंच रहा था। आशंका है कि डीजल में मिलावट की गई है।सैंपल की रिपोर्ट आने पर मिलावट के बारे में पता चलेगा। डीजल विक्रेता की मशीन बंद करा दी गई है। उसका नाम पता दर्ज किया गया है। रिपोर्ट आने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण-मझोला थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती के साथ एक युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित युवती ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि मझोला के नया गांव आंबेडकर नगर निवासी दीपक से उसके प्रेम संबंध थे। आरोपी ने युवती को शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने धमकी दी कि उसके मोबाइल में अश्लील वीडियो है। अगर ज्यादा दबाव बनाएगी तो अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। ईंट से लदी तीन गाड़ियां पकड़ीं- राज्य कर विभाग ने अभियान के तहत ईंट से लदी 40 गाड़ियों की जांच की लेकिन तीन गाड़ियां जीएसटी चोरी के आरोप में पकड़ी गईं। दो चालकों के पास कोई कागजात मौजूद नहीं थे। राज्य के अपर आयुक्त ग्रेड-2 आरए सेठ ने बताया कि ईंट भट्ठा मालिकों द्वारा जीएसटी देने में लापरवाही बरतने पर अभियान चलाया गया है। चेकिंग के दौरान मुरादाबाद, अमरोहा और बिजनौर में मोबाइल दस्तों ने ईंट की गाड़ियां पकड़ी हैं। मुरादाबाद में भी कुछ कारोबारियों ने डीएम से 70 ईंट भट्ठों के बारे में शिकायत की गई हैं। इस सूची को लेकर जांच की जाएगी। गैस एजेंसी का सौदा तय कर ठगे 10.62 लाख रुपये-भगतपुर के डूंगरपुर निवासी अश्वनी देव ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि मझोला के नया मुरादाबाद निवासी अशोक कुमार डूंगरपुर में मैसर्स आक्षांश भारत गैस एजेंसी चलाते हैं। अश्वनी देव का आरोप है कि अशोक कुमार ने एजेंसी का सौदा उससे 65 लाख रुपये में तय किया था। इसके बाद अशोक कुमार और उसकी पत्नी रेनू ने भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन के समक्ष शपथपत्र देकर सहमति और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत किया था। इसके बाद अशोक कुमार ने अलग-अलग तारीख में गैस एजेंसी का लोड मंगवाने, पुनर्गठन फीस और लाइसेंस ट्रांसफर कराने के नाम पर 10.62 लाख ले लिए। रकम लेने के बाद अशोक कुमार ने गैस एजेंसी अश्वनी के नाम ट्रांसफर नहीं कराई। पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो अशोक कुमार ने उसे एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बजट में अफसरों की मनमानी, मेयर ने उठाए सवाल, नगर निगम बैठक में जिम्मेदार नहीं दे पाए जवाब

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट पेश किया गया। कुछ मदों में मनमानी बढ़ोतरी पर महापौर ने आपत्ति जताई और संशोधन के निर्देश दिए। बैठक में पार्षदों की विभिन्न स्थानीय समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी।मुरादाबाद नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में सोमवार को वर्ष 2025-26 को पुनरीक्षित बजट पेश किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता वाली बैठक में 1146.49 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 1022.46 करोड़ के व्यय को मंजूरी दी गई। वहीं विभिन्न मदों को मनमाने तरीके से बजट बढ़ाए जाने पर महापौर ने सवाल खड़े कर दिए।पूछना पड़ा कि इतना बजट क्यों बढ़ा दिया गया? कई मदों पर अधिकारी जवाब नहीं दे सके, उन्हें इसमें संशोधन करने की बात की। कुछ मदों में विवरण मांगते हुए रोका गया है। बैठक सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल कुछ देर के लिए आए और फिर चले गए।इसके बाद अपर नगर आयुक्त ने ही सदन की कार्रवाई का संचालन किया। पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि के बाद पार्षदों ने अपनी समस्याएं रखीं। इसमें पार्षद शैलेंद्र कुमार व प्रशांत कुमार आदि पार्षदों ने पंडित नगला में श्मशान घाट बनाने, हनुमान मूर्ति से रेलवे क्रॉसिंग तक नाला बनाने, बंदरों से निजात दिलाने, सफाई दुरुस्त कराने, पथ प्रकाश व्यवस्था ठीक कराने जैसी कई मांगे रखी गई, जिन्हें स्वीकृति मिल गई। एजेंडे के सभी 13 प्रस्तावों को पारित कर दिया गया। पार्षद नदीम ने शहरभर में लगवाए गए खोखों के खाली पड़े होने और पार्षद विनोद शर्मा ने पार्किंग का मुद्दा उठाया। इस दौरान शिवप्रसाद शर्मा, मोहसिन अहमद, शिखा परमार, मनोरमा सैनी, चंद्रभान सैनी, शमशेर अली, विशाल सिंह गोलू, मोहम्मद जुनैद, अजय तोमर शामिल रहे। इससे मिली राहत- सदन ने सीधे तौर पर पार्कों का प्रवेश शुल्क कम करने, विभिन्न बाजारों में दुकानों का किराया कम करने, 31 जनवरी तक एक मुश्त बकाया जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट ने देने, बिना वैधानिक अनुमति के सड़कों को न खोदने के प्रस्तावों को पारित कर लोगों को राहत दी है। एफओबी को करें हैंडओवर- मेयर ने कहा कि 10 साल पहले फुट ओवरब्रिज (एफओबी) बनाने के लिए नगर निगम ने रेलवे को 6.31 करोड़ की धनराशि दी थी, छह करोड़ की जमीन भी दी थी। वह तैयार हो गया, अब जर्जर होने की स्थिति में आ गया है लेकिन रेलवे ने उसे अभी तक नगर निगम को हैंडओवर नहीं किया गया। इसके लिए रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए। दुकानदारों को मिली राहत- 500 प्रति वर्गमीटर मासिक किराया की श्रेणी में आंबेडकर मार्केट, पटेल मार्केट, जनाना अस्पताल के सामने मार्केट, जनाना अस्पताल साइड मार्केट, मर्दाना अस्पताल गेट मार्केट, मर्दाना अस्पताल साइड मार्केट एवं हरीशन मार्केट के लिए निर्धारित किया गया, यहां पहले 618.7 प्रति वर्ग मीटर किराया था। 400 प्रति वर्गमीटर मासिक किराया वाली श्रेणी में प्रताप मार्केट, मानपुर मार्केट, मधुबनी मार्केट व कटरा नाज खां को रखा गया है। 300 प्रति वर्गमीटर मासिक किराया में हैलेट रोड भू-तल एवं पूर्वी पटरी, जामा मस्जिद मार्केट तथा कपूर कंपनी चौराहा को रखा गया है। 250 प्रति वर्गमीटर मासिक किराया केवी खान मार्केट व सिंधी पोंड मार्केट और 200 प्रति वर्गमीटर मासिक किराया में हैलेट रोड प्रथम तल व देहरी गांव क्षेत्र की दुकानों के लिए तय किया गया। इन मदों के खर्च बढ़ाने पर मेयर ने उठाए सवाल- सामान्य प्रशासन की मद में भी व्यय 3.50 करोड़ से बढ़ाकर 4 करोड़ करने पर कंप्यूटर ऑपरेटरों पर खर्च 65 लाख से बढ़ाकर 70 लाख करने पर सफाई कर्मियों पर पिछले साल 37 करोड़ व्यय था

## संक्षिप्त समाचार

# मसूरी से ज्यादा ठंडा रहा मुरादाबाद, कोहरे ने रोक दी हाईवे पर रफ्तार

कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण मुरादाबाद मंडल में जनजीवन प्रभावित हो गया है। शहर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री चल रहा है। जो मसूरी से भी कम है। कोहरे से दृश्यता घटने के कारण सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो गया है।मुरादाबाद मंडल में कड़ाके की ठंड ने एक बार फिर लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है। मंगलवार सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। इससे ठिठुरन बढ़ गई है। इससे पहले जिला सोमवार को मसूरी से भी ज्यादा ठंडा रहा। मसूरी का अधिकतम तापमान 21.5 तो मुरादाबाद का 17 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं 87 प्रतिशत आद्रता के चलते ठंड में गलन बढ़ गई, जिससे लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए।न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन का तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री नीचे लुढ़क गया सुबह-सुबह घने कोहरे ने दृश्यता को प्रभावित किया और राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।हालांकि दोपहर में धूप निकलने से लोगों ने कुछ राहत महसूस की। सड़क मार्ग और रेल मार्ग दोनों से सफर करने वाले यात्री परेशान रहे। कोहरे के कारण मंडल की 30 ट्रेनें पहली ही निरस्त हैं। सोमवार को 14 ट्रेनें मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर देरी से पहुंचीं। राहत के आसार नहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।अगले एक सप्ताह तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सुबह और रात के समय कोहरा और धुंध बने रहने की संभावना है। ऐसे में अभिभावकों ने स्कूलों का समय बदलने की मांग की है। कांठ और कुंदरकी में भी कोहरे और ठंडी हवा से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सोमवार की सुबह ठंड की वजह से सड़कें सूनसान रहीं। सोमवार की सुबह कोहर ने लोगों को घरों के अंदर दुबकने के लिए मजबूर कर दिया। सब्जी उत्पादक दयाराम सिंह, विरेंद्र सिंह, नौरंग ने बताया कि आलू, मिर्च, बंद गोभी की फसल पर ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है।सप्ताह भर राहत के आसार नहीं- मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे ठंड का असर बना रहेगा। पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।अगले एक सप्ताह तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सुबह और रात के समय कोहरा और धुंध बने रहने की संभावना है। ऐसे में अभिभावकों ने स्कूलों का समय बदलने की मांग की है।यह ट्रेनें रहीं लेट

22423 जनसाधारण एक्सप्रेस 6:19 घंटे 14322 आला हजरत एक्सप्रेस 5 घंटे 15280 पुरबिया एक्सप्रेस 5 घंटे 15655 कामख्या-वैष्णो देवी एक्सप्रेस 2 घंटे 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस 2 घंटे 15012 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस 1:15 घंटे 22418 महामना एक्सप्रेस 1:20 घंटेडॉक्टरों की सलाह, इन चीजों का करें सेवन बाजरे के आटे की टिक्की खा सकते हैं।-चीकू फायदेमंद है। इसमें फाइब्रस डाइट होती है। पेट साफ रखता है और ताकत देता है। शुगर के मरीज खजूर और अंजीर खाकर दूध का सेवन कर सकते हैं। बथुए का सेवन करें। इससे कब्ज दूर होती है और पेट सही रहता है। ताकत का सबसे अच्छा स्रोत बथुआ माना जाता है। पालक और सरसों का साग ताकत देने के साथ पेट के लिए फायदेमंद है। मैथी-पालक की भुजिया शुगर के मरीजों के लिए लाभदायक है। तिल से बनी हुई कोई भी चीज मीठे में खा सकते हैं। खून की कमी वाले लोग दूध गर्म करके खजूर का शेक बना लें, उनके लिए लाभदायक होता है। सुबह-शाम ले सकते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जयंती पर लोकदल पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

**क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली।** 123वीं जयंती के अवसर पर चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी स्थित राष्ट्रीय लोकदल बरेली के जिलाध्यक्ष मो. मतलूब एडवोकेट नें पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन फूल अर्पित किए।

कार्यक्रम में पहुंचकर प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक नें भी चौधरी साहव को पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया , जिसमे जिलाध्यक्ष ने चौधरी चरण सिंह के जीवन एवम उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को बताया कहा कि चौधरी साहव हमेशा गरीव मजदूर किसानो के सच्चे हितैसी रहे प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक ने कहा कि सभी रालोद कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह जी के पदचिन्हो पर चलकर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करें कुलदीप सिंह पवार नें कहा- किसानों, ग्रामीण भारत और सामाजिक न्याय के लिए उनके विचार एवं संघर्ष हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मो मत लूब एड, प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक, कुलदीप सिंह पवार, विजय बहादुर सक्सेना शहादत हुसैन, राजवीर उपाध्याय, संजीव शर्मा, नंद किशोर मिश्रा किस्मत अली शाकिर अली मंसूरी तौफीक अली अख्तर राजा चौधरी विजय पाल सिंह एडवोकेट बीपी सिंह अहलावत हसमत अली साकिर खान, वीरेंद्र पाल गंगवार, मीरा चौधरी, चाँद बाबू, आदि लोग उपस्थित रहे ।

## नवाबगंज में बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंककर जताया विरोध

**क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली** ।बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को नवाबगंज में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने जिला उपाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं के हो रहे कत्लेआम को लेकर तीखा विरोध जताते हुए यूनिस सरकार का पुतला फूंका कर भारत सरकार से हिंदुओं की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की।इस दौरान हिंदू जागरण मंच के तहसील अध्यक्ष सूरज गंगवार ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह युवा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर बृजेश भोजवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य इंद्रपाल सक्सेना नगर अध्यक्ष तेजपाल सक्सेना नगर उपाध्यक्ष प्रदीप राठौर प्रचार प्रमुख शांति स्वरूप ओमप्रकाश सक्सेना बेंचेलाल राठौर , देवदत्त श्रीवास्तव ,राम बहादुर कश्यप,जयपाल, रेड्डी रामदास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## मिशन शक्ति 5.0 को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने हेतु दिए दिशा-निर्देश

**क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा /बरेली।** शासन की प्राथमिकताओं के अंतर्गत निर्धारित दस बिन्दुओं में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण बिन्दु मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत स्थापित मिशन शक्ती केन्द्रो के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण तथा सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी द्वारा परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान सर्किल अधिकारियों एवं थाना स्तर पर संचालित मिशन शक्ति केन्द्रों द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों, प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या, उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण का परीक्षण किया गया।

समीक्षा के उपरांत यह निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका को केवल औपचारिक न मानते हुए उन्हें महिलाओं की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनाया जाए।दिनांक 24.12.2025 को जनपद बरेली के थाना कोतवाली आंवला में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम किसी अपराध की कार्रवाई का नहीं, बल्कि समझौते, संवाद और संवेदना का प्रतीक होगा। इस कार्यक्रम में आंवला सर्किल के लगभग 100 पारिवारिक विवादों को परिवार परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर सुलझाया गया है।

कार्यक्रम के दौरान ऐसे परिवारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अहंकार को छोड़कर संवाद को अपनाया, हिंसा को त्यागकर समझ को चुना और न्यायालय की लंबी प्रक्रिया के बजाय शांति का मार्ग चुना । मिशन शक्ति केंद्रों में आने वाली महिलाएं केवल शिकायतकर्ता नहीं होतीं-वे डर, अपमान, पीड़ा और टूटे आत्मविश्वास के साथ आती हैं। ऐसे में मिशन शक्ति टीम पीड़िता के आगमन से लेकर उसके मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णत: सशक्त होने तक 360 डिग्री सहयोग प्रदान करती है।

मिशन शक्ति टीम केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहती, बल्कि काउंसलिंग, मानसिक सहयोग, कानूनी मार्गदर्शन, संरक्षण सेवाएं,आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन जैसी सेवाएं देकर पीड़िता को फिर से आत्मसम्मान के साथ जीने की ताकत देती है।

## बी.एड. के छात्राध्यापकों हेतु स्काउट गाइड बिगिनर्स कोर्स का हुआ आयोजन

**क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के बी.एड. विभाग एवं एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) के द्वारा दिनांक 23.12.2025 को एकद्विवसीय स्काउट/गाइड बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वन्दना से किया गया।

प्रशिक्षक डॉ. पुष्पकान्त शर्मा (जिला प्रशिक्षण आयुक्त भारत सरकार एवं गाइडस जिला संस्थान बरेली) एवं श्रीमती सरबजीत कौर (प्रवक्ता गुरू नानक रिक्की सिंह गर्ल्स इण्टर कॉलेज बरेली) के द्वारा स्काउट प्रार्थना करवायी गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये स्काउट/गाइड के उद्देश्य को जानने एवं जीवन में अपनाने का सन्देश दिया।

बी.एड. के विभागाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा के द्वारा छात्राध्यापकों के जीवन में स्काउट/गाइड बिगिनर्स कोर्स के महत्व एवं भविष्य में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। प्रशिक्षक डॉ. पुष्पकान्त शर्मा एवं श्रीमती सरबजीत कौर के द्वारा छात्र-छात्राओं को स्काउट/गाइड के इतिहास के बारे में, गाँठ लगाना, स्काउट ध्वज के महत्व एवं वर्तमान में विद्यालयों में स्काउट/गाइड के महत्व एवं उसके आयोजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालयों के स्काउट/गाइड के शिविर को आयोजन से संबंधित मुख्य बाते बताई गयी। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रंजना जायसवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, अजीत सिंह, नमिता गुप्ता, डॉ. शिवानी शर्मा, उपमा गुप्ता, नगमा बी आदि उपस्थित रहे।

## बरेली में खाद्य सुरक्षा विभाग टीम की कार्रवाई, मिलावट खोरी पर कसा शिंकजा

### व्यापारियों में मचा हड़कंप 9 खाद्य नमूने लिए, सैकड़ों क्विंटल आटा-मैदा सीज

**क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली।** आगामी क्रिसमस पर्व को देखते हुए शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कार्रवाई की है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा जिलाधिकारी बरेली के निर्देश पर 22 दिसंबर 2025 को बरेली में छापेमारी अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)- नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने परसाखेड़ा, बरेली स्थित प्रतिष्ठान मैसर्स रेज़ल फूड्स प्रा. लि. पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा कुल 9 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। इनमें रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, ब्रेड इम्प्रूवर के-5, सोया आटा (फुल फैट), आटा, ब्रेड इम्प्रूवर टी-300, कैल्शियम प्रोपियोनेट ग्रैन्यूलर (फूड ग्रेड), मैदा, एनर्जी बूस्ट/ग्लूटिन तथा टूटी-फूटी कैंडी शामिल हैं। जांच के दौरान लगभग 500 किलोग्राम गेहूं का आटा (अनुमानित मूल्य ?16,000) तथा 17,190 किलोग्राम मैदा (अनुमानित मूल्य लगभग ?5.50 लाख) को पैकेजिंग एवं लेबलिंग में अनियमितता पाए जाने पर जब्त कर सीज कर दिया गया। सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित फर्म के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी बरेली ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### राम राम के जयकारों से राम मय हुआ श्री हरि मंदिर

